**NEWS CLIPPING:30.11.2023**

# PUNJAB KESARI

# जेसी बोस वि.वि की 3 छात्राओं का डब्ल्यूआईई के तहत हुआ चयन

फरीदाबाद, 29 नवम्बर (ब्यूरो): शिक्षा फाउंडेशन, हिताची एनर्जी लिमिटेड और आईईईई दिल्ली अनुभाग के वुमेन इन इंजीनियरिंग (डब्ल्यूआईई) एफिनिटी ग्रुप ने जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के संयुक्त तत्वावधान में वुमेन इन इंजीनियरिंग (डब्ल्यूआईई) कार्यक्रम शुरू किया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंद मेधावी छात्राओं को तकनीकी शिक्षा में सशक्त बनाना और उन्हें आवश्यक संसाधन और सहायता प्रदान करना है। विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर और डब्ल्यूआईई एफिनिटी ग्रुप दिल्ली अनुभाग की अध्यक्ष डॉ. रश्मी अग्रवाल ने बताया कि शिक्षा फाउंडेशन ने विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभागों से तीन प्रतिभाशाली छात्रों का चयन किया है। चुनी गई छात्राओं प्रियंका मिश्रा, फूल विशाखा और दिव्यांका मिश्रा को सहयोग स्वरूप लैपटॉप की सुविधा प्रदान की है।



*वुमेन इन इंजीनियरिंग कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित छात्राओं के साथ कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर।*

**NEWS CLIPPING:30.11.2023**

# DAINIK JAGRAN

## तीन छात्राओं का डब्ल्यूआइई कार्यक्रम के लिए चयन

**वि., फरीदाबाद** : शिक्षा फाउंडेशन, हिताची एनर्जी लिमिटेड और आइईईई दिल्ली अनुभाग वुमेन इन इंजीनियरिंग (डब्ल्यूआइई) एफिनिटी ग्रुप ने जेसी बोस विश्वविद्यालय के साथ वुमेन इन इंजीनियरिंग कार्यक्रम शुरू किया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंद मेधावी छात्राओं को तकनीकी शिक्षा में सशक्त बनाना और उन्हें आवश्यक संसाधन और सहायता प्रदान करना है।



चयनित छात्राओं के साथ कुलपति प्रो. सुशील तोमर • सौ.यूनिवर्सिटी

विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर व डब्ल्यूआइई एफिनिटी ग्रुप दिल्ली अनुभाग की अध्यक्ष डा.रश्मी अग्रवाल ने बताया कि शिक्षा फाउंडेशन ने विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग विभागों से तीन प्रतिभाशाली छात्रों का चयन किया है। चुनी गई छात्राओं प्रियंका मिश्रा, फूल विशाखा और दिव्यांका मिश्रा को सहयोग स्वरूप लैपटाप की सुविधा प्रदान की है। कार्यक्रम में छात्राओं को कौशल विकास, प्रशिक्षण, इंटर्नशिप और नौकरी के अवसरों के लिए सहायता और चार साल की मेंटरशिप प्राप्त होगी। इसका उद्देश्य उनकी प्रतिभा का पोषण करना, उनकी क्षमताओं को बढ़ाना और उन्हें संबंधित क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए कौशल से लैस करना है। कुलपति प्रो. सुशील तोमर ने चयनित छात्रों को बधाई दी और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने उन्हें इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाने के लिए भी प्रेरित किया।

**NEWS CLIPPING:30.11.2023**

# SATYAJAY TIMES

## जेसी बोस विश्वविद्यालय की तीन छात्राओं का डब्ल्यूआईई कार्यक्रम के तहत चयन हुआ

**तहलका जज्बा / संवाददाता**

**फरीदाबाद।** शिक्षा फाउंडेशन, हिताची एनर्जी लिमिटेड और आईईईई दिल्ली अनुभाग के वुमेन इन इंजीनियरिंग (डब्ल्यूआईई) एफिनिटी ग्रुप ने जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के संयुक्त तत्वावधान में वुमेन इन इंजीनियरिंग (डब्ल्यूआईई) कार्यक्रम शुरू किया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंद मेधावी छात्राओं को तकनीकी शिक्षा में सशक्त बनाना और उन्हें आवश्यक संसाधन और सहायता प्रदान करना है।



विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर और डब्ल्यूआईई एफिनिटी ग्रुप दिल्ली अनुभाग की अध्यक्ष डॉ. रश्मी अग्रवाल ने बताया कि शिक्षा फाउंडेशन ने विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभागों से तीन प्रतिभाशाली छात्रों का चयन किया है। चुनी गई छात्राओं प्रियंका मिश्रा, फूल विशाखा और दिव्यांका मिश्रा को सहयोग स्वरूप लैपटॉप की सुविधा प्रदान की है।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं को कौशल विकास, प्रशिक्षण, इंटर्नशिप और नौकरी के अवसरों के लिए सहायता और चार साल की मेंटरशिप प्राप्त होगी। इस समग्र दृष्टिकोण का उद्देश्य उनकी प्रतिभा का पोषण करना, उनकी क्षमताओं को बढ़ाना और उन्हें अपने संबंधित क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशल से लैस करना है।

कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने चयनित छात्रों को बधाई दी और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने उन्हें इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाने के लिए भी प्रेरित किया।

**NEWS CLIPPING:30.11.2023**

# AMAR UJALA

# तकनीकी शिक्षा में भी छात्राएं होंगी पारंगत

संवाद न्यूज एजेंसी

**जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में वुमेन इन इंजीनियरिंग कार्यक्रम**

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में बुधवार को शिक्षा फाउंडेशन, हिताची एनर्जी लिमिटेड और दिल्ली आईईईई की एफिनिटी ग्रुप की ओर से वुमेन इन इंजीनियरिंग (डब्ल्यूआईई) कार्यक्रम का आगाज हुआ। विवि की मेधावी छात्राओं को तकनीकी शिक्षा में सशक्त बनाना जाएगा।

विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर और डब्ल्यूआईई एफिनिटी ग्रुप (दिल्ली) अनुभाग की अध्यक्ष डॉ. रश्मी अग्रवाल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभागों की छात्रा प्रियंका मिश्रा, फूल विशाखा और दिव्यांका मिश्रा का चयन किया गया है। छात्राओं को कौशल विकास, प्रशिक्षण, इंटर्नशिप और नौकरी के अवसर और चार साल की मेंटरशिप दिया जाएगा। इस मौके पर जेसी बोस के कई प्रोफेसर मौजूद रहे।